Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

जाट सभा

सत्यमेव जयते

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 17 अंक 02 28 फरवरी 2017 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

जीवन का अधिकार-मानवाधिकार

डा. महेन्द्र सिंह मलिक

भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से हम भली-भांति परिचित हैं। बाल काल में उन्होने समाज को भय मुक्त किया तथा विश्व को सर्व श्रेष्ठ गीता का ज्ञान दिया जिसमें 'कर्म' की महता के साथ-साथ मानवाधिकार का बहुत बड़ा संदेश दिया। मुगल काल में हिंदूओं पर बहुत जुल्म हुए, जिसका परिणाम छिपा नहीं है। सिक्ख धर्म अस्तित्व में आया, गुरू गोविंद सिंह जी ने कहा है - ''सुरा सो पहचानवो, जो लरे दीन की हेत, पुर्जा-पुर्जा कट मरे, कबहू न हारे खेत अर्थात बलवान वही है जो अक्षम के साथ खड़ा हो उसके हितों की रक्षा के लिए लड़े और लड़ाई में कभी मैदान ना छोड़े। यह मानवाधिकारों की रक्षा हेतू बहुत बड़ा कदम था। उन्होने आतताईयों से लोहा लेते हुए अपना सर्वस्व लुटा दिया लेकिन समाज को एक नई दशा-दिशा दे गए। आधुनिक परिपेक्ष में मानवाधिकार किसी व्यक्ति विशेष या राजकीय प्रशासनिक प्रताड़ना तथा राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों, अर्थशास्त्रों और सामाजिक ठेकेदारों द्वारा विशेषाधिकार उपयुक्त कर खुद को लाभ पहुंचाना भी मानवाधिकार हनन की श्रेणी में आता है। यहा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की भूमिका समाज को समाजो-आर्थिक तथा अपराधों से मुक्ति एवं भयमुक्त सुरक्षा प्रदान करने हेतू आती है।

सर्वप्रथम हमें यह जानना जरूरी है कि 'कैदी' कौन है- यह किसी न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा है जिसके पुलिस या न्यायिक हिरासत में रखते हुए उसकी जीवन शैली में स्वच्छंदता से महरूम करने की प्रक्रिया है ताकि उस समय में वह समाज को और आतंकित ना कर सके।

भारतीय संविधान अनुसार हर व्यक्ति अभिव्यक्ति के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक नित्य कर्मो को लोकतांत्रिक मर्यादाओं में रहते हुए व्यतीत कर सकता है जिससे दूसरे व्यक्ति धर्म तथा समाज की भावनाएं आहत ना हों और किसी के मानवाधिकारों का हनन ना हो। यहां हर किसी को समानता का अधिकार है तथा हनन करने वाले के लिए सजा का प्रावधान है। हर छोटी से छोटी घटना दुर्घटना का अध्ययन बहुत बारीकी से किया गया है। विडंबना है कि जेल में कैदी मां के पेट से पैदा होने वाले बच्चे के अधिकारों की रक्षा हेतू कोई प्रावधान नहीं है ताकि उसकी भलाई तथा जीवन यापन हेतू कैरियर विकास की ओर कदम उठाए जा सकें। ऐसे विद्वानों से एक भारी चूक मनन का विषय है। हालांकि बोस्टल जेल में शिक्षा तथा वोकेशनल ट्रैनिंग का प्रावधान है। बाल अपराधियों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास हेतू कुछ महत्वपूर्ण पग उठाए भी गए हैं जैसे कि बाल अपराधियों के निवास में पुलिस अधिकारी हथियार इत्यादि लेकर ना जाएं तथा उनमें आत्म सम्मान की भावना जागृत करें, उसकी शिक्षा, बीमारी, चोट तथा मृत्यु से उसके अभिभावकों को अवगत रखें। इस प्रक्रिया में न्यायालयों की संविधानिक भूमिका है तथा राष्ट्र सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी उच्च न्यायालयों को ऐसे मामलों में मानवाधिकार हनन के मामलों पर पैनी दृष्टि रखने की सख्त हिदायत हैं।

मानवाधिकार सरंक्षण हेतू पारिवारिक संरचना के साथ गांव में पंचायत, सामाजिक भाईचारा, थाना प्रशासनिक स्तर पर तहसील, जिला राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार आयोग तथा संस्था विद्यमान है। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर (यू एन ओ) में भी एक शाखा है जो कमजोर देशों के हितों की रक्षा करती है ताकि सामर्थ देश धौंस पट्टी ना दिखा सकें। हालांकि वास्तविकता में यहां कुछ देशों का बर्चस्व है जो अपने हितों को साधने हेतू ऐसे कृत्य कर भी देते हैं लेकिन उन्हे भी एक मर्यादा में बंधे रहना पड़ता है। कोई अतिश्योक्ति नहीं है क्योंकि तुलसी रामयण तक में वर्णित है - 'सामर्थ को ना दोष गुसांई' अर्थात बलवान को कोई दोष नहीं क्योंकि निर्बल उसके विरूद्ध आवाज नहीं उठा सकता और वह अपनी स्वच्छंदता से कुछेक लाभ उठा भी लेते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण भारतीय राजनीति में लोकतांत्रिक मान्यताओं का सर्वोपरि होने के बावजूद राजनीति में अपराधिक प्रवृति वाले लोगों की अह्म भूमिका है।

आम जीवन में भी ऐसे लोग मतदाताओं को डरा धमका कर और साम-दाम-दंडभेद नीति से मत हासिल कर लेते हैं और राजनैतिक सत्ता आने पर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों तक को प्रताड़ित कर लेते हैं लेकिन फिर भी मानवाधिकार संस्थाओं के दखल से वे अंधेरगर्दी नहीं कर पाते और आटे में नमक तक ही सीमित रह जाते हैं। हालांकि कैदियों के

शेष पेज-2 पर

शेष पेज–1

मानवाधिकारों की भी सुरक्षा की व्यवस्था है ताकि उनके साथ क्रुरता न हो तथा अमानवीय व्यवहार ना हो फिर भी कभी-कभी ऐसे किस्से उजागर हो जाते हैं। इसके विपरीत अक्सर घोर अपराधी मानवाधिकारों के प्रावधान तथा न्यायिक जटिलताओं का लाभ उठाकर छूट भी जाते हैं क्योंकि वे उचित तथा शीघ्र न्यायिक प्रक्रिया के साथ-साथ दंबगता से आजाद होने में सफलता हासिल कर लेते हैं। यहां तक कि आमजन आर्थिक कमजोरी, अज्ञानता इत्यादि की वजह से जीवन प्रयंत कानूनी जटिलताओं में उलझे रहते हैं या उनके केस न्यायालयों में लंबित पड़े रहते हैं।

गवाह की सुरक्षा की भी व्यवस्था है लेकिन उसकी सामाजिक तथा पारिवारिक सुरक्षा का कोई प्रावधान नहीं है। अक्सर फिल्मों में दिखाया जाता है कि अपराधी गवाह के पारिवारिक सदस्यों का अपहरण तक करके मानमाफिक गवाही दिलवा लेते हैं या लंबे समय तक न्यायालयों में केस चलते उलझन से बचने हेतू मुकर जाते हैं। अब मानवाधिकार संस्थाओं के दखल से ऐसा करने पर प्रतिबंध आयत करवाया है लेकिन इसकी प्राथमिकता इसकी प्रमाणिक नहीं है। कानून में व्यवस्थाएं तथा धाराएं अनेक हैं लेकिन उनकी जटिलताएं और आत्म विरोध की धाआरों का हवाला देकर कई बार अपराधी छुटकारा पा जाते हैं। जैसा कि पुलिस किसी कैदी की निजता में दखल अंदाजी नहीं कर सकती। उसे जमानत पर छूटने का अधिकार है। हिरासत के 24 घंटे के अंदर-अंदर न्यायालय को बताना जरूरी है। यू एन जनरल एसेंबली ने भी कुछेक प्रावधान पारित किए हैं जिनमें न्यायधीश भी एक सीमा तक ही दखल दे सकता है जो अपराधी अपना हित साधने में इस्तेमाल कर लेता है।

अपराधी को कठोर दंड या सालट्री कन्फाइनमैंट बहुत विशेष हालातों में बहुत सोच समझ के बाद ही देने के निर्देश हैं। अपराधी को हथकड़ी ना लगाने के आदेश हैं बर्शते अपराधी कुख्यात या खूंखर ना हो क्योंकि ऐसे में वह खुद को या पुलिस अधिकारियों को नुकसान पहुंचा सकता है। उसके बावजूद हमारा मीडिया भी कभी कभार नेगेटिव भूमिका निभा जाता है। मुझे स्मरण है कि रोहतक में एक व्यक्ति अपने सारे सुसराल परिवार की हत्या कर फरार हो गया। पुलिस की मुस्तैदी से 24 घंटे में ही उसे पकड़ लिया गया और पुलिस अधिकारियों के पास उसे काबू कर थाने तक लान कोई उचित व्यवस्था के अभाव में उसे पैदल ही थाने तक लाने में उचित समझा। मीडिया के एक सैक्शन ने अपराधी को महमा मंडित करते हुए यह समाचार प्रकाशित कर दिया। हालांकि दूसरे दिन ही सामाजिक बहिष्कार तथा पुलिस सराहना इत्यादि में उठी आवाज के मद्देनजर उन्हे क्षमा याचना भी करनी पड़ी लेकिन एक बार सभी सकते में आ गए।

मानवाधिकार हनन करने वाले विशेषतया आतंकवादी और असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति कानून की जिन धाराओं का उलंघन करता है अक्सर पकड़ जाने की स्थिति में उन्ही धाराओं का उल्लेख कर अपने मानवाधिकारों की सुरक्षा की गुहार करता है। कैदी को अपने वकील से मिलने का अधिकार है जो एक अच्छी परंपरा है लेकिन वकील अपने मुव्वकील के लिए कानूनी स्थिलताओं और जटिलताओं का सहारा लेकर अपराधी को छुड़वाने में कामयाब हो जाते हैं और वे आजाद हाते ही सभी साक्ष्यों को नष्ट कर देने में सफल हो जाते हैं। कानूनी व्यवस्था है कि सर्च में कानूनी प्रक्रियाओं का ध्यान रखा जाऐ, अक्सर असामाजिक लोग इसी का लाभ उठाकर साक्ष्य समाप्त कर लेते हैं। आमजन के मानवाधिकारों की रक्षा हेतू महत्वपूर्ण व्यवस्था ही उल्टी हो जाती है लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि ऐसे प्रावधान ही खत्म कर दिए जायें क्योंकि समाज अक्सर ऐसे प्रावधानों, प्रक्रियाओं और मान्यताओं पर टिका है। हरेक को पता है कि माचिस से जलाई गई अग्नि खाना बनाने के काम आती है अगर यही माचिस किसी का घर जलाने में इस्तेमाल हो तो इसे प्रतिबंधित तो नहीं किया जा सकता।

ट्रायल से पूर्व तथाकथित अपराधी को मानवीय व्यवहार, आराम तथा मैडीकल तक की धाराएं मौजूद हैं ताकि वे आत्म सम्मान से खुद को निर्दोष साबित कर सकें। उचित तथा जल्द न्यायिक प्रक्रिया हेतू न्यायिक व्यवस्थाएं हैं। वहीं सर्वोच्च न्यायालय पुलिस कस्टडी में क्रुरता की ओर अ1सर कई बार इंगित कर चुकी हैं, इसके बावजूद इससे बड़ी कायरता की परकाष्ठा क्या होगी कि पुलिस कस्टडी में अक्सर क्रुरता तथा मानसिक घाव दे दिए जाते हैं जो सरासर मानवाधिकारों के हनन की परिधी में आते हैं। कई बार इन्ही यातनाओं के भय से लोग छिप जाते हैं। कानून की नजर में वे एक अन्य अपराध करते हैं लेकिन अ1सर उनका डर सत्य साबित हो जाता है। ऐसे उदाहरण हैं ''उत्तर प्रदेश में गरीब माधोराम बनाम उत्तरप्रदेश एफ आई आर 1978 एस सी 1594'' के अनुसार अगर कोई रिस्क ना हो तो व्यक्ति को व्यक्तिगत मुचलके पर छोड़ा जा सकता है जैसा कि हसैनआरा खातून बनाम बिहार एफ आईआर 1979 एस सी 1360 के 1363-1364 के अंतर्गत तथाकथित 90 दिन तक पुलिस हिरासत के बाद ही मैजीस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। दंडाधिकारी उसकी न्यायिक कस्टडी को और बढा भी सकता है तथा

एनटीसीपेटरी बेल का सी आर पी सी की धारा 438 में प्रावधान है।

हिरासत में मानवाधिकारों की रक्षा हेतू कानूनी सहायता तथा पुलिस द्वारा ढाए गए सितम के विरूद्ध क्षतिपूर्ति तक का प्रावधान है। कैदी को कम से कम उजरत हासिल करने की भी व्यवस्था है। फांसी की सजा केवल रेयर केसों में ही देने की प्रक्रिया है। कई देशों में तो इसे प्रतिबंधित भी कर दिया है। कई ऐक केसों में फांसी की सजा होने के बावजूद या उम्र कैद होने की अवधि में न्यायिक प्रक्रिया की देरी में लंबा समय कट जाए तो उसे दोहरी सजा ना हो, को भी ध्यान में रखा गया है।

महिला कैदियों को हिरासत में कुछेक विशेष अधिकार हासिल हैं जैसे कि उसकी तलाशी केवल महिला की उपस्थिति में हों, उनको पुरूष कैदियों से अलग रखा जाए। कैद में बच्चे के जन्म होने के हालात में उसके जन्म प्रमाण पत्र में इसे इंद्राज ना किया जाए। अपने धर्म को मानते हुए पूजा अर्चना आदि का अधिकार, महिला कैदियों के अपने या आश्रित बच्चों की बीमारी की वजह से व्यक्तिगत मुचलके पर छोड़ने की धारा विद्यमान है। हिरासत में दूध पीते बच्चों की मां के साथ रहने की भी व्यवस्था है। मानवाधिकारों की सुरक्षा केवल थाना तक महदूद नहीं है बल्कि आत्म सम्मान बनाए रखने में कहीं भी कभी भी हर जगह अनिवार्य है ताकि वे स्वस्थ वातारण में जीवन यापन कर सकें। जेल में रहते मां के साथ बच्चों के कैरियर के विकास हेतू सरकार को उचित पग उठाने होगें अन्यथा वे सोचने और कहने पर मजबूर होगे, मेरे शहर का एक छोटा सा बच्चा देखकर हम बड़ों की दुनिया बड़ा होने से डरता है।

डा0 महेन्द्र सिंह मलिक
आई.पी.एस., सेवानिवृत,
प्रधान जाट सभा चंडीगढ़/पंचकूला एवं
अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति

HORROR AND ATROCITIES DURING 2ND WORLD WAR

- R.N. Malik

(One unfailing observation of World History is that there always occur freak events in all walks of life e.g. a calf born with two heads or a cloud burst in Rajasthan etc. Two successive great (world) wars within a span of just 20yrs is also a freak historical event.)

The Second World War (1939-45) is the most catastrophic, ferocious and costliest event in human history. It consumed 6 crore people (2 crore soldiers and 4 crore civilians) and ruined the economy of almost all the developed countries. Villages were burnt and cities were razed to the ground in huge dumps of debris. First World War had consumed 1.5 crore people. Russia topped the list with the deaths of 87lakh soldiers and 170 lakh civilians. Germany lost 33 lakh soldiers and 20 lakh civilians.China (both communist and nationalist groups) lost 35 lakh soldiers and 1` crore civilians. India lost 48000 soldiers. They fought for the sake of England without trading off their own independence. Civilians included people of all ages including small children. Hitler had developed pathological hatred for Jews and had made up his mind to make the world free of them. Finally he could exterminate 6 million.

Books on Second World War devote more on the victories and defeats during the war than on atrocities committed on prisoners and civilians. This article does the reverse. This war showed how humans can be worst in-humans. Cultural Revolution under Mao in China or Bolshevik revolution under Stalin in Russia or plague epidemics in 1540 and 1905 killed more people than the Second World War. But what keeps Second World War separate from other devastating events are the atrocities, brutalities, manner of killings of innocent people besides the destruction of villages, cities, universities, intellectuals, institutions, literature and infrastructure.

There are two big surprises in this entire holocaust. How come, merely four tyrants(Hitler, Mussolini, Stalin, and General TojoHiddiki) could throw whole world into a destructive war and create a naked dance of death and destruction at the global scale for six long years. Strangely there were no sane voices in this world at that time. Diplomacy did not do its job and Mahatma Gandhi was ridiculed for making an appeal for peace. Secondly how these nations could re- build themselves so quickly from the ruins. On the other hand India, could not rebuild itself even 70 years after independence.

Poland was the hardest hit. She was attacked twice. First in 1939 and again when Russia reoccupied by defeating Germany in July, 1944. Both Stalin and Hitler were competing with each other in decimating the entire generation of this unfortunate country. Japan bore the brunt of two atom bombs. But explosion of incendiary bombs on her cities killed more people and burnt more houses than the two atom bombs on Hiroshima and Nagasaki on August 6 and 9, 1945 respectively. Hamburg and Dresden in Germany and Manila in Philippine met almost similar fates. Now these very countries have become super powers in all respects. Atrocities on civilian population of occupied territories were more hair raising than deaths during the battles. The first job of Russian, Japanese and German soldiers after the victories used to be to rape the young girls and women and then kill them. Many of the survivors committed suicides as they could not bear the trauma. Many parents shot down their children before committing suicides.

Thank God! all countries (except China and Russia) forgot all the atrocities and did not carry the baggage of animosity any further. The best gift of the world war was the end of colonialism and the worst gift was the birth of cold war and spread of communism. Post war events also reflect the height of ingratitude on the part of Russia and China. Russia was saved from German defeat simply because of massive material and financial aid given by US. Now USSR considers US as its worst enemy. US soldiers fought against Japan on behalf of China and avenged the defeat and atrocities suffered by China at the hands of Japan. Russia (even with no war-pact with Japan) attacked Japan in Manchuria when she had surrendered before US in August 1945. Looking at the events during the war and after (Korea, Vietnam, Israel and now Syria) one is inclined to believe that world is a mad house of genetically defective people and that two super powers will never let this world live in peace.

Seeds of Second World War were sown in the Treaty of Versailles in 1919 when Allies imposed very harsh conditions on defeated Germany. David Lloyd, then PM England cautioned the French PM Clemenceau against this unreasonability but the later ignored the warning. Failure of League of Nations and total aloofness of US, stubbornness of Churchill and failure of Diplomacy were the other factors failing to avoid the war. After conquering Poland, Hitler sincerely wanted to have peace with England because he thought that Britishers were also part of Aryan race. But all his offers were spurned both by Chamberlain and Churchill.

Hitler wanted to rebuild the defeated Germany as Germany the great, to play a stellar role in world affairs. He was convinced that he could not fulfill his dream without annexing more territories rich in minerals, agriculture and oil. So he wanted to reach upto Egypt. Mussolini and Japan also thought like wise. Japan is the only big country that is totally deprived of natural resources. Stalin wanted Poland and Finland under its umbrella and spread communism in Balkan countries so that these could act as buffer states if Germany attacked Russia. These expansionist ambitions of four heads of states pushed the whole world into a burning inferno for 6 long years. Ultra nationalism of Japanese (both soldiers and civilians) is also unprecedented. That is why very few units surrendered in the Pacific War and most of the prisoners committed suicides later on. In Kohima, they fought even when they did not get food for the last few weeks. Had they surrendered in July 1945, Japan would not have been bombed at all. But when the Emperor announced the unconditional surrender, entire Japanese population was in tears.

Summary of War

Pre - war battles started in 1931 when Japan attacked China and captured Manchuria. Hitler was a late entry. Italy attacked Somalia in 1935. Japan launched a full-scale war in 1937 against China.Russia defeated Japan at Golkhanaln in March 1939. Hitler annexed Austria in 1938. Czechoslovakia was annexed in March 1939. Hitler also sent military in Spain to help Franko to suppress the rebellion. Full scale war started on 1st September 1939 when Germany attacked Poland at 4:45 am. England and France declared war against Germany two days after. Russia also attacked Poland from eastern end on 17thSeptember. Thus, Poland was between frying pan and fire and had to surrender on 29th September. It was divided 50-50 between the two tigers. There were six theaters in the six years long war.

1) Germany vs western Europe.
2) Germany vs Russia.
3) Germany vs England in northern Africa.
4) Germany vs Balkans.
5) Japan vs South East Asia.
6) USA vs Japan.

Attack on Poland

Hitler adopted a new strategy of fighting war and it was called Blitzcreig i.e. massive attack by infantry, artillery at lightening speed with the aid of heavy air attack of bombers. Other countries also followed the same strategy later on to repulse the attacks. Poland was a small country. Still the Blitzcreig consisted of 3 million soldiers, 4 lakh horses, 3700 tanks etc. A sortie of 1000 planes attacked Poland airfields. England and France gave false sense of security to Polish govt and advised to ignore the war threats of Hitler. Accordingly, army was not mobilized in advance and Poland was caught by surprise. Russia attacked Poland from the other end on 17th September. Poland was helpless to fight against two powerful countries at the same time and surrendered on 29th September. German losses were 40,000 killed or missing. Poles - 2 lakh killed or missing. Soviets - 3000 killed or missing. 7 lakhs soldiers were taken as prisoners of war. Most were starved to death or given menial jobs or massacred or sent to Siberia. No pity was shown to civilians. 4 lakhs Jews were sent to concentration camps and exterminated. Polish intellectuals like judges, aristocrats, professors etc. were also shot dead. Stalin wanted to decimate Poland completely.

Attack on Finland

Russia wanted to have control over the Gulf near Leningrad which Finland refused. Then Russia attacked Finland on 19th November in freezing cold with an army of 7 lakh soldiers. Finland had an army of 1.5 lakh. Finns fought bravely but had to surrender in March and agree to harsh conditions of Stalin. Russian causalities were 87,000 killed or missing. Most died due to frost bite as many soldiers were given only summer uniforms.

Germany vs Europe (First theater of War)

Hitler wanted Denmark and Norway under his control so that he could match British Naval attack from North Sea. England wanted to defend Norway because all the iron-ore from Sweden to Germany passed through the ports of Norway. So, Germany attacked Norway on 2nd April, 1940 and landed large number of paratroopers on all the ports of Norway. Then Germany also sent soldiers with the help of ships. Air attacks were conducted simultaneously. Denmark decided not to fight and surrender within 24hrs. Norway took one month to surrender. British and French battle ships could not cut much

ice. Churchill had to eat the humble pie for this fiasco. Allied losses were 4000 against Germany's 5300.

Attack on France, Holland and Belgium

England was prepared for war but not France. France PM was blaming Poland for not giving Denzing port to Hitler. French soldiers were saying two things, "Why we should die for Poland and England pushing us into war." England and France setup a safety line of British Expeditionary Force (BEF) between Denkirk and Magnot Line. Hitler made three pincer attacks on 10th May, 1940. One pincer group passed through Holland (along with paratroopers); another pierced through Belgium and the third through the forests of Ardinnens. Holland surrendered within five days after bombing of Rotterdam. Civilians in all urban areas started running towards villages and made beelines along the main roads and created problem for BEF. German army was led by large number of tanks under Romell. He was nearing Dunkirk where Gen. Gort was retreating and asked Churchill for evacuation of soldiers. Hitler made the mistake of asking Romell to stop to enable infantry units to catchup. In the meantime, Churchill sent all the ships and boats of England to evacuate 3 lakhs soldiers to safety. But for this mistake of Hitler Romell would have captured all the 3 lakh soldiers and war might have been ended there and then. This was on 29th May.

Hitler now directed his Panzer groups to move towards south and the campaign ended without much fight on 16th June. France was now under German occupation. Part of it was given to Gen. Petain. It was called Vichy France. All Allied losses were 1 lakh soldiers against Germany's 45000. 22 lakh soldiers of France, England, Belgium and Holland were taken prisoners. Jews were searched and exterminated. But other prisoners were not treated as harshly as Poles because of two reasons i.e. lackof racial prejudices and need to use them in the war against Communists. Hitler hated Communist as much as he hated Jews. So, these prisoners were employed in factories as daily wagers. England also lost 944 aircrafts and 350 fighter pilots. And Germany lost 1445 aircrafts and 725 pilots.

Attack on England

Hitler now wanted cross-channel operation against England. But Harmann Goring, Commander Luftwaffe (German Airforce) told Hitler that Luftwaffe would be able to destroy RAF (British Airforce) in 4 days. Hitler agreed. Germany had already setup its bases in France and Belgium. England did not want to bomb these countries and Germany was proving out of range. That was the advantage for Germany. But England had the advantage of Radar. British Pilots were also smarter. So, the thrust of RAF was on mid-air interception and shooting from ground. German bombing lasted from September, 1940 to May, 1941. 40,000 Britishers lost their lives. Loss to industry was tremendous. 2lakh buildings were destroyed. But speeches of Churchill kept the morale of British people at a very high level.

Campaign in Africa and Middle East

Mussolini was keen to have control in Mediterranean and North Africa. He had already big presence in Somalia and Libya. British forces in Egypt were only 63,000 troops. Italy had 2.5 lakh in Libya and 3.0 lakh in Somalia. England had only 10,000 in Sudan. But Italians were very poor fighters. General Wavell was the Commander (later Viceroy of India) of British forces and attacked Italian forces in December, 1940. Air attack destroyed 6 battleships of Italy. British forces repulsed Italians and took Toburuk on 7th January, 1941 and Benghazi on 7th Feb. Italians surrendered in next two days. One lakh soldiers were taken as Prisoners of War. British forces defeated Italians in Somalia by November 1941.

Hitler sent Gen. Romell to Libya to support Italian army with two divisions. Romell was a genius in tank warfare. He started his onslaught on March 24 and started over running the British forces along the coast and recapture Toburuk on 17th April. There was no fight till November. England attacked Toburuk on 18th November. Romell repulsed the attack. Now he was short of fuel and started retreating. By January 1942, he was back where he was the previous year i.e. El Aghela. Now Romell again attacked on 21st January and reached Gazala. Now there was a stalemate.

Fighting started again on 26ht May and Romell started making similar advances again. By 30th June, he reached El Alamein (150 km from Cairo). His soldiers were thoroughly exhausted. Still he continued the fighting but could not break the British defense. There was stalemate again. Gen. Montgomery was now the new Commander. England was able to block fresh supplies of oil to Romell by attacking German ships. Romell had to rely on captured depots. Montgomery attacked German formations on 23rd October. There was heavy fighting but luck was not on Romell's side. Shortage of fuel made him to retreat back to square one. The victory of El Alamein proved a turning point. In the meantime, American forces landed in Algeria in large number. Additional German forces were sent in Tunisia in January 1943. There was a heavy fighting on March 6 but repulsed. Romell left for Germany on sick leave and that was the end of German resistance in North Africa. Finally, on 7th May 1945, 2.4 lakh German soldiers surrendered to the Allies. It was a disaster for Axis comparable to the one at Stalingrad.

Attack on Russia

Hitler attacked Russia for two reasons. Firstly, he hated communism/bolshevism and secondly, he wanted rich agricultural land of Ukraine and oil fields in Caucasus and Egypt. Stalin was informed about the intentionsof Hitler to attack Russia but he dismissed this information point blank. So, Germany attacked Russia on 22nd June, 1941. It was the greatest operation on land in the history military operations along a frontier of 1600 kms. The army consisted of 3 million soldiers, 7.5 lakh horses, 3500 tanks and 5 lakh trucks. It was also a three-pronged attack. One formation proceeded towards Leningrad, another to Moscow and third towards Crimea and Rostov in south. It was called operation Barbarossa. Russian army was in total disarray because of the purge conducted by Stalin. But Stalin had one big trump card in Marshall Zhukov and had placed complete faith in him for conducting the war unlike Hitler who meddled with the planning of his Generals

every day. Zhukov was an undaunted genius, master, strategist and careful planner of very high degree. This uncalled-for intervention of Hitler cost Germany many victories. One silly mistake of Hitler was that he did not visualize the impact of Soviet winter in his planning and arrangement of food and other logistics once the forces advanced beyond 200 kms line. Luftwaffe on the very first day destroyed 528 Soviet aircrafts on the ground and 210 in the air. The first group reached Leningrad (500kms from Germany) within 3months and laid the siege around the city and cutoff all the supply lines. The city was also subjected to continuous bombings by air and pounding by German artillery. The siege continued for 900 days and one million people died due to starvation and diseases.

Central column could proceed 650 kms by end of July and only 325 kms away from Moscow. There was heavy rain causing the soil to become a sea of mud. After a halt of two months Guderian (another genius in tank warfare) opened the drive on Moscow. Soviet armies were cutoff consigning another 6 lakh red army soldiers to captivity. There was early snowfall in October and German army was not prepared for harsh winter of Russia. There was severe problem of food. Soldiers survived by stripping the clothes of dead Soviet soldiers. But still German forces continued to advance and were only 32 kms away from Moscow on 27th November. Now Zhukov had assembled large army formations (brought from Siberia) with tanks and other warfare equipments. Soviet army gave a crushing counter blow and German army withdrew for the first time back by 200 kms. The third group advanced very fast and reached the farthest end at Sevastopol a distance of 900 kms. German losses so far were 7.43 lakh killed, 1.5 lakh trucks damaged and 3.0 lakh in need of repairs. Soviet losses were 30 lakh killed and 35 lakh taken prisoners.

There was stalemate till Feb, 1942. German army could reassemble and started resisting the Red Army well. By the summer, Germans started advancing again. They forgot about Moscow and started proceeding towards Stalingrad. In September, German army under Gen. Paulus entered Stalingrad. There was heavy street fight. By November 12, Stalingrad was under complete control of Germany up to river Volga. Intense bombing destroyed all the buildings. Hitler again forgot the impact of Russian winter. Zhukov was busy in encircling the German army over an arc of 160 kms. By Feb, German Sixth Army under Paulus was completely encircled and cut-off. There was no food. The soldiers had to eat the rats. Finally, 1 lakh German army surrendered on 31st March, 1943. The soldiers and officers were asked to march towards concentration camps. Only 5000 could reach the final post. Rest died in the way due to frost bite.

In the south, oil field of Caucasus were taken. As the summer season arrived hopes for German advance were revived. So, Hitler made a big onslaught on Russian army on July 4 at Kursk. German army consisted of 9 lakh soldiers while Soviet army had 13 lakh. The attack was immediately repulsed and within two weeks German army came backs to its original line. Now Russian army started having an overrun and started defeating Germans at every post. Kiev was taken in November 1943. Leningrad was liberated on 27th Jan, 1944. Finally Red Army entered Poland in July 1944. Russia now attacked Romania which surrendered on 30th August. Red Army then attacked Hungry. Hungry was defiant for 6 months and surrendered in Feb, 1945. Now Red Army made its move towards Berlin from river Vistula in Poland and reached Berlin on April 25, 1945. Stalin pressed his Generals hard to reach Berlin before the Allied forces from the other end. Hitler committed suicide on 29th April. Russian flag was hoisted on German Parliament building. Germany surrendered on 8th May to Allied forces unconditionally. This day was celebrated as the Victory Day.

(To be Continued)….

निःस्वार्थ कर्म का मर्म

"यदि कोई व्यक्ति निःस्वार्थ भाव से कर्म करे, तो वह न केवल स्वयं पर विजय प्राप्त कर सकता है, बल्कि अपने अंतर्ज्ञान से संपूर्ण जगत को रोशन भी कर सकता है।" – स्वामी विवेकानंद का चिंतन...

उपार्जन करने से ही व्यक्ति को किसी भी वस्तु की प्राप्ति होती है। संभव है कि हम इस बात को न मानें, लेकिन आगे चलकर हमें इसका दृढ़ विश्वास हो जाता है। एक मनुष्य चाहे तो जीवन भर धनी होने के लिए एड़ी–चोटी का पसीना बहा सकता है। वह कई मनुष्यों को धोखा देने की कोशिश भी कर सकता है। लेकिन अंत में वह यही पाता है कि वह संपत्तिशाली होने का अधिकारी नहीं है। तब उसके लिए जीवन दुखमय और दूभर हो उठता है। हम अपने भौतिक सुखों के लिए भिन्न–भिन्न चीजों को भले ही इकट्ठा करते जाएं, लेकिन वास्तव में जिसका उपार्जन हम अपने कर्मों द्वारा करते हैं, वही हमारा होता है। दूसरी ओर अपनी वर्तमान अवस्था के लिए व्यक्ति खुद जिम्मेदार होता है। व्यक्ति जो कुछ होना चाहता है, उसकी शक्ति उसके अंदर होती है। यदि हमारी वर्तमान अवस्था हमारे ही पूर्वकर्मों का फल है, तो यह निश्चित है कि जो कुछ हम भविष्य में होना चाहते हैं, वह हमारे वर्तमान कार्यों द्वारा ही निर्धारित किया जा सकता है।

अतएव हमारे लिए यह जान लेना आवश्यक है कि किस प्रकार के कर्म किए जाएं। संसार में प्रत्येक मनुष्य किसी न किसी प्रकारसे तो काम करता ही रहता है। परन्तु यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हम अपनी शक्तियों का कभी–कभार निरर्थक क्षय भी करते हैं। गीता के अनुसार, 'कर्मयोग का अर्थ हैं – कुशलता से अर्थात वैज्ञानिक प्रणाली से कर्म करना।' समस्त कर्मों का उद्देश्य है मन के भीतर पहले से ही स्थित शक्ति को प्रकट कर देना। आत्मा

को जाग्रत कर देना। प्रत्येक मनुष्य के भीतर पूर्ण शक्ति और पूर्ण ज्ञान विद्यमान है। भिन्न–भिन्न कर्म इन महान शक्तियों को जाग्रत करने तथा बाहर प्रकट कर देने में साधन मात्र मानते हैं। अपनी–अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए मनुष्य नाना प्रकार के कार्य करता है। कुछ लोग यश चाहते हैं, तो कुछ पैसा चाहते हैं। कुछ लोग अधिकार प्राप्त करना चाहतें, तो कुछ अपने बाद अपना नाम छोड़ जाने के लिए यत्न करते रहते हैं। कुछ लोग प्रायश्चित करने के लिए कर्म करते हैं अर्थात जीवन भर अनेक प्रकार के बुरे कर्म कर चुकाने के बाद एक मन्दिर बनवा देते हैं अथवा पुरोहितों को कुछ धन दे देते हैं। प्रत्येक देश में कुछ ऐसे भी स्त्री–पुरूष होते हैं, जो केवल कर्म के लिए ही कर्म करते हैं। वे नाम यश अथवा स्वर्ग की भी परवाह नहीं करते हैं। वे केवल इसलिए कर्म करते हैं कि उनके कर्म से दूसरों की भलाई होती हैं।

कुछ लोग उच्चतर लेकर गरीबों की भलाई करते हैं तथा मानव जाति की सहायता करते हैं। वे लोगों की भलाई में विश्वास करते हैं और उनसे प्रेम भी दर्शाते हैं। अक्सर नाम तथा यश के लिए किया गया कार्य शीघ्र फलित नहीं होता है। यदि कोई इंसान निःस्वार्थ भाव से काम करे, तो क्या उसे फलप्राप्ति नहीं हो सकती है? असल में तभी तो फल प्राप्ति होती है। सच पूछा जाए, तो निःस्वार्थता अधिक फलदायी होती है, पर लोगों में इसका अभ्यास करने का धैर्य नहीं होता है। प्रेम, सत्य तथा निःस्वार्थता अधिक फलदायी होती है, पर लोगों में इसका अभ्यास करने का धैर्य नहीं होता है। प्रेम, सत्य तथा निःस्वार्थता सिर्फ आलंकारिक वर्णन मात्र नहीं है। वे तो हमारे सच्चे आदर्श हैं। वे शक्ति की महान अभिव्यक्ति है। यदि मनुष्य पांच मिनट भी निःस्वार्थ भाव से काम कर सके, तो वह एक महापुरूष बन सकता है। यह शक्ति की महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है। इसके लिए प्रबल संयम की जरूरत पड़ती है। सभी बुर्हिमुखी कर्मों की अपेक्षा इस आत्मसंयम में बहुत अधिक शक्ति खर्च होती है। मन की सारी बहिर्मुखी गति किसी स्वार्थपूर्ण उद्देश्य की ओर दौड़ती रहने से छिन्न–भिन्न होकर बिखर जाती है।

यदि व्यक्ति संयमित होना सीख ले, तो इससे शक्ति की वृद्धि हो सकती है। इस आत्मसंयम से एक महान इच्छाशक्ति का प्रादुर्भाव हो सकता है। इससे एक ऐसे चरित्र का निर्माण हो सकता है, जो संपूर्ण जगत को अपने ज्ञान से रोशन कर सकता है। जिस प्रकार कुछ पशु अपने से दो–चार कदम आगे कुछ नहीं देख सकते, इसी प्रकार हम में से ज्यादातर लोग भविष्य के बारे में नितांत अदूरदर्शी होते हैं। हम सभी में दूरदर्शिता के लिए धैर्य नहीं रहता और इसलिए हम नकारात्मक कार्य करने लगते है। यह हमारी कमजोरी है। शक्तिहीनता है। अत्यन्त सामान्य कर्मों को भी हमें कभी घृणा की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य को उच्चतर ध्येय की ओर बढ़ने तथा उन्हें समझने का प्रबल यत्न करते रहना चाहिए। हमें कर्म करने का अधिकार है। कर्म फल पर हमारा कोई अधिकार नहीं होता है। यदि आप किसी मनुष्य को उच्चतर ध्येय की ओर बढ़ने तथा उन्हें समझने का प्रबल यत्न करते रहना चाहिए। हमें कर्म करने का अधिकार है। कर्म फल पर हमारा कोई अधिकार नहीं होता है। यदि आप किसी मनुष्य की सराहना करना चाहते हैं, तो इस बात की कभी चिंता मत करें कि उस आदमी का व्यवहार आपके प्रति कैसा रहता है। यह भी मत सोंचे कि उसका फल क्या होगा?

हमें सदैव कर्म करते रहना चाहिए। आदर्श पुरूष तो वे हैं, तो परम शांति व निस्तब्धता के बीच भी कर्म करते रहने तथा प्रबल कर्मशीलता के बीच भी मरूस्थल जैसी शांति का अनुभव करते हैं ऐसे व्यक्ति संयम का रहस्य जान कर अपने ऊपर विजय प्राप्त कर चुके होते हैं। कोई भी व्यक्ति यदि पूर्ण रूप से निःस्वार्थ होकर कर्म करने लग जाए, तो वह स्वयं पर विजय प्राप्त कर सकता है।

गोत्र एवं पंचायती परम्परा का विश्लेषण

– डॉ. धर्मचन्द्र विधालंकार

अभी–अभी एक महत्वपूर्ण पुस्तक प्रकाशित हुई। पुस्तक का नाम है – 'पगड़ी, पंचायत और गोत्र' लेखक हैं – भाषाविज्ञानी और व्यंग्यकार डॉ. पूर्ण सिंह ड़बास। उन्होंने ग्रामीण–समाज के इन तीनों ही मान–बिन्दुओं की व्युत्पति व्याकरण के आधार पर निरूपित की है। इतना ही नहीं, सभी देशी और विदेशी भाषाओं में भी इन शब्दों के मूल का संघान किया है। यथा, पगड़ी शब्द का निर्वचन उन्होंने संस्कृत भाषा के पग शब्द से किया है जोकि पहले कभी पावों में पट्टियां बांधी जाया करती थी। बाद में पायजामें अथवा पतलून का आविष्कार होने पर ही पांवों की पट्टियां, शिरोभूषण के रूप में पाग या पगड़ी बन गई। उष्णीम जैसे शब्द इंडोयूरोपीय संस्कृत भाषा के ही हैं, लेकिन मुंडासा और खण्ड़वा जैसे समान शब्द हरियाणवी के द्रविड़ भाषाओं से सम्बन्धित हैं।

आलोच्य पुस्तक के लेखक का भाषिक और वैयाकरणिक अध्ययन अत्यन्त विस्तृत है। आपने हरियाणवी के खंडुआ का मूल तेलगू के कण्डूआ या कदंवा में तलाशा है तो कोलामी के खंडव (वस्त्र) और कदंवा (धोती) में ही देखा है। नायकी के खंड/खडंव (कपड़ा) से लेकर दर्जी के गंड से लेकर गरबा भाषा के गरंड (कपड़ा) तक की शब्द–यात्रा उन्होंने इस संदर्भ में की है।

उर्दू में पगड़ी को दस्तार कहते हैं तो पीढ़ी–परिवर्तन के पश्खत् परम्परागत चौधर या गद्दी के स्थानान्तरण को भी दस्तारबंदी ही कहा जाता है। जिस प्रकार दिल्ली की जामा मस्जिद के इमाम अब्दुल्ला बुखारी ने अपने पुत्र को अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए उसकी दस्तारबंदी विगत वर्ष कराई थी। इसी प्रकार से सउदी अरब के शेख की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र की दस्तारबंदी उनके स्थान पर की गई थी, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति ने भी भाग लिया था। अतएव पगड़ी को लेकर इतने अधिक मुहावरे भी बन गये हैं। डॉ. पूर्णसिंह ने फारसी के दुलबन्द (मुकुट) को ही तुर्की का तुलबन्द

माना जाता है। उसी से इलालवी और फ्रैंच भाषाओं में वह टरबन या पगड़ी बन गया हैं।

प्रस्तुत पुस्तक का दूसरा अध्याय पंचायत से सम्बन्धित है। इस शब्द का मूल यह लेखक वैदिक ग्रामणी या ग्राम्यवादिन से जोड़कर देखता है। लेकिन हमारे मतानुसार वह दस–बीस गांवों को राज्य प्रतिनिधी ही था जोकि मनोनीत था, निर्वाचित नहीं था। बल्कि इस शब्द की बजाय पंचजना अथवा पंचजन शब्द पंचायती परम्परा के मूल में अधिक हो सकता है। ईरानी धर्मग्रन्थ अवेस्ता में भी पंच शब्द का शाब्दिक अर्थ पांच की संख्या ही है, लेकिन यदि न्यायकर्त्ता व्यक्ति अकेला भी होता है तो भी उसे गांव में पंच कहा जाता है। सरकारी समझौतों में भी ऐसी संस्था को पंचाट ही बोला जाता है। पुराकाल में राजनीतिक अथवा शासकीय प्रशासनिक तन्त्र इतना विशाल और व्यापक नहीं था कि वह प्रत्येक व्यक्ति को सस्ता और सुलभ एवं निष्पक्ष न्याय दे सके। अतएव ग्रामीण समाज के लोगों ने अपने भाईचारें एवं शान्ति तथा सद्भाव को बनाये रखने पर वे अपनी व्यवस्था करते थे, तालाबों और कुओं का सामूहिक निर्माण करते थे, चौपालों का रख–रखाव भी किया करते थे। जमीन और ब्याह–शादियों के विवादों का निपटारा भी ग्रामीण जन पंचायती आधार पर ही किया करते थे। अतएव पंचायती व्यवस्था स्वयं में एक स्वायत्त स्वैच्छिक आधार पर सहकारी जन–व्यवस्था ही थी। सर्वखाप पंचायत का उसका देशव्यापी संगठन था, जिसका कार्यालय सौरभ जि0 मुजफर (उ0प्र0) में था।

डॉ0 पूर्णसिंह ने पंचायती परम्परा के संगठन की शुरूआत सम्राट हर्षवर्धन (सांतवीं) शताब्दी ईस्वी से ही मानी है। पंचायती संगठन के जन–बल का सहाय पाकर ही वह क्षेत्रीय क्षत्रप समग्र उत्तर–भारत का सम्राट बन गया था। भारत पर विदेशी आक्रमण होने के अवसर पर भी सर्वखाप पंचायत ने दिल्ली के सुल्तानों का सशस्त्र सहकार किया था। 1398 ई0 में तैमूर लंग के तूफानी आक्रमण का प्रखर प्रतिरोध पंचायती पहलवानों ने ही मेरठ से लेकर हरिद्वार तक किया था। तभी उसे भारत से बैरंग लौटाया जा सका था। उसी प्रकार से फिरोजशाह तुगलक और अलाउद्दीन तथा औरंगजेब जैसे अधिनायकवादी एवं अत्याचारी शासकों के भी विरूद्ध विद्रोह पंचायतों ने किया था। लेकिन अब्दाली के आक्रमण के विरूद्ध दिल्ली के सुल्तान और मराठों की सहायता भी की थी। इसी प्रकार चितौड़ के राणा संग्राम सिंह की सहायता सर्वखाप के योद्धाओं ने 1527 ई० में खानवा के युद्ध में हसन खाँ मेवाती के नेतृत्त्व में की थी। औरंगजेब के विरूद्ध जाटों एवं गुर्जरों तथा मेवों ने मिलकर ब्रजमण्डल में सुदीर्घ संघर्ष गोकुला जाट के नेतृत्त्व में किया था। अतएव समय–समय पर सर्वखाप पंचायतों के सेनापति भी भिन्न–भिन्न जातियों से नियुक्त किये जाते थे। तैमूरलंग के आक्रमण के समय सर्वखाप पंचायत की जनसेना का नायक योगराज गुर्जर था तो कभी देवपाल राणा था, कभी भीमदेव राठी था, कभी दुर्लनपाल अहीर था, कभी सागर सिंह रोड़ था और कभी धुल्ला अछूत जाति के सेनापति तक का नामोल्लेख सर्वखाप पंचायत के अभिलेखों में मिलता है। वैसे खाप शब्द की व्युत्पत्ति अज्ञात है परन्तु हम चाणक्य के कौटिल्य के अर्थशास्त्र में एक अक्षवाय संस्था का नाम पाते हैं जोकि ग्रामीणों के जुआ खेलने पर करभार लगाती थी। वर्तमान में भी पंचायतों की भूमिका दहेज–निवारण और समाज–सुधार के कार्यों में अग्रणी है जिसका उल्लेख लेखक ने किया है।

ग्रामीण सामाजिक संरचना और जातिय व्यवस्था का मूलाधार डॉ० पूर्णसिंह डबास गोत्रों की व्यवस्था को ही मानते हैं। वैसे भी हमें मध्यपूर्व काल से पहले जातीय व्यवस्था का कोई परिचय एक सामाजिक संगठन या इकाई के रूप में नहीं मिलता है। पाँचवी–छठी शताब्दियों से पूर्व जातियां केवल व्यवसायों की ही वाचक थी। क्योंकि तब तक भारतीय समाज में सामन्तवाद और साम्राज्यवाद की स्थापना न होने के पश्चात गणों की राजनीतिक शक्तियां छिन्न–भिन्न हो गई थी, अतएव उनकी केवल सामाजिक या पंचायती शक्तियां ही शेष रह गई थी। सुविख्यात इतिहासकार डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार का भी इस विषय में यही अभिमत है।

डॉ० पूर्णसिंह मूलतः भाषा–विज्ञान के विद्वान हैं, अतएव उन्होंने भाषिक आधार पर ही गण–गोत्रों की उत्पत्ति खोजी है। उनके मतानुसार गोत्र आरम्भ में गोष्ठ यो गोचारण का स्थान ही था। जिन लोगों की गायें एक स्थान पर बंधती थी, वहीं जनसमूह समगोत्रिय कहलाने लग गया था। दूसरा आधार गोत्र का रक्त–वंश की समानता का है, तीसरा आधार गोत्रों के नामकरण का ग्राम वाचक है। यथा, पंजाब में प्रताप सिंह कैरो व बादल और हरियाणा में चौटाला और सुरजेवाला जैसे ग्रामवाचक गोत्र ही हैं। चौथा आधार यह लेखक गोत्रों का उपाध्रियों को ही मानता है। यथा, मलिक (गठवाले) या रावत, सहरावत, ठाकरान आदि गोत्रं जोकि वंश और व्यवसायगत न होकर केवल उपाधिवाचक ही हैं।

डॉ० पूर्णसिंह डबास एक और आधार गोत्रों का व्यवसायगत भी मानते हैं जैसे कि लाला रामगोपाल शालवाले, दारूवाला, मशरूवाला आदि। एक और गोत्र का आधार उपाधि अथवा अंलकरण भी है। जैसे कि ब्राह्माणों में एकवेदी, द्विवेदी, त्रिवेदी तथा चर्तुवेदी, उपाध्याय (ओझा) और पाठक तथा अग्निहोत्री आदि। इसी प्रकार से अवस्थी भी ऐसा ही गोत्र है जोकि अवसथ अथवा घज्ञस्थान पर निवास करते थे, उन कन्नौजिया ब्राह्माणों को ही यह उपाधि प्रदान की गई थी। शास्त्री और आचार्य भी ऐसे ही उपाधिवाचक उपकरण है जैसे कि लालबहादुर शास्त्री, नन्दकिशोर आचार्य आदि।

इस पुस्तक के लेखक गोत्रों के प्रचलनकर्ता मूलतः ब्राह्मणों ने ही सप्तऋषियों के नाम से ही आरंभ में सात गोत्रों का प्रचलन किया था। अत्रि, वशिष्ट, भारद्वाज, कश्यप तथा विश्वमित्र। बाद में आठवें मंडार्य (ईरानी) अगस्त ऋषि भी इनमें जोड़ दिये गये थे। सात–सात ऋषियों के उतने ही प्रवर बताये गये थे, इस प्रकार से कुल 49 प्रवर बताये गये हैं। ब्राह्मण–पुरोहितों ने अपने गोत्र अपने–अपने कुल के यजमानों अथवा ग्राहकों को दे रखे थे ताकि दूसरे कुल का पुरोहित उनके यहाँ पर यज्ञ–याग और संस्कार नहीं करा सके।

